राजस्व दिवस

drishtiias.com/hindi/printpdf/revenue-day

चर्चा में क्यों?

15 अक्तूबर, 2021 को राजस्थान राजस्व विभाग द्वारा राजस्व मंत्री हरीश चौधरी की अध्यक्षता में राजस्व दिवस मनाया गया।

प्रमुख बिंदु

- राजस्व दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजस्व विभाग के जयपुर ज़िले के कार्मिकों- किशनगढ़ रेनवाल तहसीलदार सुमन चौधरी, सांगानेर नायब तहसीलदार नीरु सिंह, भू-अभिलेख निरीक्षक गोपाल सिंह और पटवारी राजेंद्र सिंह गुर्जर को सम्मानित किया गया।
- उल्लेखनीय है कि राजस्व मंत्री हरीश चौधरी ने राजस्थान विधानसभा में 28 फरवरी, 2020 को राजस्व विभाग की बजट अनुदान मांगों पर अपने भाषण के दौरान राज्य में 15 अक्तूबर को राजस्व दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी।
- **गौरतलब है कि 15 अक्तूबर, 1955 को राजस्थान काश्तकारी अधिनियम लागू हुआ था**, जिससे काश्तकारों को खातेदारी अधिकार संभव हुए थे।